# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: पू०वि०वि० / डी०एस०डब्ल्यू / 26 / 2024–25 दिनांक : 03.11.2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक
परिसर पाठ्यक्रम,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय

**विषयः–प्रखयात महिला नेत्री स्व० कमला बहुगुणा जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता "क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है? Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality ?" के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रो० रीता बहुगुणा जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व सांसद, इलाहाबाद (प्रयागराज) उ०प्र० के संलग्न पत्र दिनांक 27.09.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो स्व० कमला बहुगुणा के जन्मशताब्दी वर्ष में हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति महिला सशक्तिकरण द्वारा **"क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है? Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality?" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजन के सम्बन्ध में है। वाद–विवाद प्रतियोगिता दिनांक 08 नवम्बर, 2024 समय 11:00 बजे पूर्वान्ह् को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में संलग्न पत्र के अनुरूप आयोजित की जायेगी। समय सीमा 4+1 मिनट का रहेगा।**

उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि दिनांक 08 नवम्बर, 2024 समय 11:00 बजे पूर्वान्ह् को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अपने विभाग के छात्रों को सूचित करने का कष्ट करें। प्रतियोगिता दो चरण में होगी–प्रथम चरण का आयोजन विश्वविद्यालय में होगा जिसमे प्रथम विजेता को लखनऊ दूसरे चरण फाइनल में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। जिसका आयोजन लखनऊ में 12 नवम्बर, 2024 को होगा। जिसमें विजेताओं के पुरस्कार निम्न होंगेः–

1–प्रथम चरण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।

2–द्वितीय चरण (फाइनल) के विजेताओं को निम्न पुरस्कार दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | – | रू0 51,000 / –व ट्राफी |
| द्वितीय पुरस्कार | – | रू0 31,000 / –व ट्राफी |
| तृतीय पुरस्कार | – | रू0 21,000 / –व ट्राफी |

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक छात्र / छात्राएं रजिस्ट्रेशन हेतु श्री उद्देश्य सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, प्रबन्ध अध्ययन संकाय के मो0 न0 7905688941 पर सम्पर्क कर सकते है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(प्रो० अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

2–निजी सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

3–वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण



# अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति

20, मिन्टो रोड, प्रयागराज (इलाहाबाद), उ0प्र0 – 211001
फोन : 0522-2266666, मो0 9839880044

**प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
पूर्व कैबिनेट मंत्री
पूर्व सांसद, इलाहाबाद (प्रयागराज) उ0प्र0

दिनांक : 27.09.2024

**विषय :** **प्रख्यात महिला नेत्री स्व0 कमला बहुगुणा जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता "क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है ? Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality ?" के आयोजन के सम्बंध में।**

**प्रिय प्रो0 वंदना सिंह जी,**

स्व0 कमला बहुगुणा का जन्म 30 दिसम्बर 1924 को प्रयागराज में हुआ था। वे एक विदुशी महिला थी जिन्होने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। वे "वानर सेना" की सदस्य थी व इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रा होते हुए उन्होने 1942 के "भारत छोड़ो" आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

स्वतंत्र भारत में उन्होने ग्रामीण क्षेत्रो के विकास, श्रमिको, शोषित व वंचित लोगो के उत्थान हेतु निरन्तर कार्य किया। स्व0 कमला बहुगुणा, उत्तर प्रदेश जिला परिषद में निर्वाचित होने वाली प्रथम महिला अध्यक्ष थी। स्व0 कमला बहुगुणा 10 वर्ष तक (1962–1972) इलाहाबाद कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रही व फूलपुर लोकसभा से सांसद भी रही। कमला बहुगुणा महिला सशक्तिकरण आंदोलन का एक प्रमुख चेहारा थी।

स्व0 कमला बहुगुणा के जन्मशताब्दी वर्ष में हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति महिला सशक्तिकरण के अनेको कार्यक्रम आयोजित करेगी। 40 विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों में निम्न विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी – "क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है?"
"Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gener Equality"
15 अक्टूबर से 10 नवम्बर 2024 के बीच एक वाद विवाद प्रतियोगिता (समय सीमा 4 + 1 मिनट) का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल लखनऊ में नवम्बर के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगा।




# अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति

20, मिन्टो रोड, प्रयागराज (इलाहाबाद), उ0प्र0 – 211001

फोन : 0522-2266666, मो0 9839880044

**प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

पूर्व कैबिनेट मंत्री

पूर्व सांसद, इलाहाबाद (प्रयागराज) उ0प्र0


हमारा निवेदन है कि आपके संस्थान में इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु 15 अक्टूबर – 10 नवम्बर 2024 के बीच आपके सुविधानुसार कोई भी तिथि निर्धारित कर दें तथा इच्छुक छात्र व छात्राओं का पंजीकरण करवाने हेतु अपने संस्थान से किसी समन्वयक (Coordinator) को अधीकृत करने का कष्ट करें।

हमारी संस्था की ओर से एक समन्वयक मेरे पत्र के साथ आपसे सम्पर्क करेंगे। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी – प्रथम चरण आपके संस्थान में आयोजित होगा जिसमें प्रथम विजेता को दूसरे चरण फाइनल में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा जिसका आयोजन लखनऊ में 12 नवम्बर 2024 को होगा।

विजेताओं के पुरस्कार निम्न होंगे :

प्रथम चरण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।

द्वितीय चरण (फाइनल) के विजेताओं को निम्न पुरस्कार दिया जायेगा

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | – | रू0 51,000/– व ट्राफी |
| द्वितीय पुरस्कार | – | रू0 31,000/– व ट्राफी |
| तृतीय पुरस्कार | – | रू0 21,000/– व ट्राफी |

व फाइनल में सभी प्रतिभागियों को रू0 2,100/– व ट्राफी संतावना पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी।

**धन्यवाद।**

**भवदीय**

(प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी)

**प्रो0 वंदना सिंह**
**कुलपति**
**जौनपुर विश्वविद्यालय**
**जौनपुर**



# कमला बहुगुणा

## जन्मशताब्दी वर्ष समारोह

## वाद विवाद प्रतियोगिता

विषय : क्या भारत मे महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है ?
Subject : Can Reservation for Women in India truly achieve Gender Equality ?

**पंजीकरण फार्म**

संस्थान का नाम ........................................

प्रतिभागी का नाम ........................................

पिता/माता का नाम ........................................

पता ........................................

........................................

मोबाइल नंबर .................... ई-मेल ....................

आधार नंबर ........................................


विषय वर्ष ........................................



# स्व० कमला बहुगुणा

## जन्मशताब्दी वर्ष समारोह-2024

## वाद विवाद प्रतियोगिता



विषय वर्ष ........................................

दिनांक .................... स्थान ....................

समय ........................................

**इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण कराने हेतु आमंत्रित हैं**

नोट : पंजीकरण ऑनलाइन करने हेतु गूगल फॉर्म प्राप्त करें।
पंजीकरण ऑफलाइन कराने हेतु कार्यालय से संपर्क करें